an>

Title: Need to improve the frequency of trains to different destinations from Rajasthan.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं अपने लोक सभा क्षेत्र में ट्रेन के ठहराव के बारे में बताना चाहूंगा। मेरे क्षेत्र में जवाईबांध, मारवाड़ जंक्शन, सोमेश्वर, फालना, सोजत रोड, रानी के अलावा और भी तीन-चार रेलवे स्टेशंस हैं। वहां पर ट्रेन का ठहराव नहीं होने से दूर-दराज में ट्रेन रुकती हैं और वहां दूर-दराज में ही हमारी माताएं और बहने ट्रेन से उतरती हैं। वहां कोई होटल की सुविधा नहीं होती है और न वापस उनके गंतव्य स्थान तक आने के लिए कोई ट्रांसपोर्ट की सुविधा है। इसलिए ऐसी जगहों पर ट्रेन का रुकना जरूरी है। यही नहीं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र और आसपास के जिलों पाली, जोधपुर, जालौर, सिरोही, बाड़मेर और नागौर से लगभग बीस लाख लोग पलायन करके दक्षिण भारत में विभिन्न तरह के कार्य, व्यापार और शिक्षा आदि के लिए गये हुए हैं। लेकिन वहां ट्रेन सप्ताह में एक बार ही आती हैं, उन्हें नियमित करने के लिए मैं रेल मंत्री जी आपके माध्यम से निवेदन करूंगा। धन्यवाद।